# चिलचिताली धूप में रैली निकाल एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**पेसा एक्ट के दोषपूर्ण क्रियान्वयन के विरूद्ध आदिवासी मुक्ति संगठन ने निकाली रैली**



**पानसेमल, ( नवभारत )।** एसडीएम कार्यालय में आदिवासी मुक्ति संगठन द्वारा पेसा एक्ट के दोषपूर्ण क्रियान्वयन के विरुद्ध शुक्रवार को भरी दोपहर में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बड़वानी जिला संविधान के अनुसूचित क्षेत्रों के अधिकारों और संसद द्वारा पारित ऐतिहासिक कानूनों के परिप्रेक्ष्य में और वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं के क्रियान्वयन में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय और राज्य मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों की अनदेखी की जा रही है।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि केवल सैटेलाइट इमेज या श्वन विभाग के नक्शे को आधार मानकर दावे निरस्त नहीं किए जा सकते। अधिनियम की धारा 13 के अनुसार बुजुर्गों के बयान और मौखिक साक्ष्य भी मान्य है। बड़वानी में इनका पालन हो रहा है। सीएफआरआर गाइडलाइन के अनुसार ग्रामसभा को वन प्रबंधन का अधिकार देना अनिवार्य है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा इन दावों को जानबुझकर जटिल बनाया जा रहा है। दावा कृत भूमि पर ग्रामसभा की सहमति के बिना गड्ढे खोदे जा रहे हैं और वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिन्हें व्यक्तिगत अधिकार (एफआईआर) पत्रक मिले है, उनकी भूमि पर तार फेंसिंग कर वन विभाग द्वारा बेदखल कर कब्जा किया जा रहा है। अनुसूचित क्षेत्र होने के नाते, वन विभाग का ग्राम सभा के संसाधनों पर सीधा हस्तक्षेप पेसा अधिनियम की धारा का उल्लंघन बताया। संगठन द्वारा व्यक्तिगत एवं वन ग्राम के लंबीत दावे जल्द से जल्द निराकरण करने, तार फेंसिंग पर रोक लगाने। आदिवासी गांव को विस्थापन करने पर रोक लगाने की मांग की है। रैली कृष्ण मंदिर से होकर मेन रोड़, बस स्टैंड, प्रजापति चौराहे से होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे।

**ज्ञापन सौंपने के दौरान यह रहे उपस्थित**

इस दौरान गजानन ब्राह्मणे, राजेश कनोजे, विक्रम अच्छालीया, गेंदराम डावर, सुरमल पाडवी, दिलीप मोरे, रमेश मोरे, विक्रम मेहता, श्रवण वसावे, विजय सोलंकी, हीरा ठाकुर, डेमसिंग ब्राह्मने, गुड्डू ब्राह्मने, राम मोरे, ठानसिंह बड़वी, खरकिया पटेल, लखन पटेल, बाबूलाल पटेल, दिलीप ब्राह्मने, दीपक पटेल, पवन पवार, राइसीग पटेल, मकन पाड़वी, जुरसिंह आर्य, दीवान पटेल, तुमढ़िया ब्राह्मने, कुशा पटेल, पठान यादव, रूपसिंह मेहता, लालसिंह परमार, भावसिंह पवार, चुन्नीलाल चौहान, लाड़कियां वडवी, मोहन पाड़वी सहित ग्रामीण एवं वरिष्ठ मौजूद रहे।

# 10 मरीजों का होगा नि :शुल्क लैंस प्रत्यारोपण

**लायंस क्लब बड़वानी ने लगाया नेत्र शिविर, 41 मरीजों का हुआ परीक्षण**




**बड़वानी, ( नवभारत )।** लायंस क्लब बड़वानी सिटी और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर के तत्वावधान मे 24 अप्रैल को जिला अस्पताल में नेत्र शिविर आयोजित हुआ। लायन महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में लगे शिविर में बड़वानी जिले सहित खरगोन व आलीराजपुर जिले से 41 नेत्र मरीज अपनी आंखों की जांच कराने आए थे।

लायन केटी मंडलोई ने बताया कि डॉ ऋषिकेश, डॉ निरव पटेल और बलराम सिंह के साथ केम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। वहीं ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच भी चोइथराम अस्पताल द्वारा ही की गई। वार्डबाय सुधीर सोनाने ने शिविर की व्यवस्था सम्भाली।

लायन सुधीर कुमार पाण्डेय ने बताया कि परीक्षण के बाद 15 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। 5 का ब्लड शुगर और किसी का ब्लड प्रेशर अधिक होने ने से लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जा सकता था। 10 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर भेजे गए। लायंस क्लब द्वारा पूर्व में आयोजित नेत्र शिविर के लैंस प्रत्यारोपित 8 मरीजों का भी परिक्षण डॉ द्वारा किया गया। आगामी शिविर 4 मई को आयोजित किया जाएगा।

एक नजर में

## बालिकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुण



**बड़वानी।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन भोपाल के आदेशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 10 से 25 अप्रैल 2026 तक जोरों से चल रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 24 अप्रैल को डॉ वीणा सत्य की अध्यक्षता में महाविद्यालय की छात्राओं आत्मारक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महिला प्रशिक्षु किरण चौहान ने आत्मरक्षा के लिए टिप्स बताए। इस ट्रेनिंग का मकसद फाइटर्स बनाना नहीं 3 सेकेण्ड का मौका बनाकर भाग निकलना और मदद मांगना ही जीत है। छात्राओं को आत्म निर्भर बनाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस प्रशिक्षण में के संयोजक डॉ निर्मला मोर्य मार्गदर्शक हरीश वर्मा, प्रोफेसर नारायण रैकवार, अनीता खाण्डे की उपस्थिति में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**बड़वानी।** वर्ष 2026 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा के लिए एमपी ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की तिथि बढ़ाकर अब 26 अप्रैल कर दी गई है।

## अखिलेश को भेंट की पुस्तक मोहब्बत की दुकान

**इंदौर.** नफरत के खिलाफ और आम आदमी की पीड़ा को लेकर पत्रकार अन्ना दुराई ने अपने आलेखों को एक पुस्तक के रूप में संकलित किया है. 'मोहब्बत की दुकान' शीर्षक से प्रकाशित इस पुस्तक की प्रति उन्होंने नई दिल्ली में उ.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव को भेंट की. पुस्तक में सद्भाव का वातावरण निर्मित करने और जनता से जुड़े मुद्दों को बेबाकी से प्रस्तुत किया गया है.

## शाओमी ने रेडमी ए7 और रेडमी ए7 प्रो लॉन्च किए

**इंदौर.** शाओमी इंडिया ने भारत में रेडमी ए7 सीरीज़ के लॉन्च की घोषणा की. रेडमी ए7 में 6.88-इंच का बड़ा डिस्प्ले है, जबकि रेडमी ए7 प्रो में 6.9-इंच का एचडी+ डिस्प्ले है, जो 120 हर्ट्ज तक के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है। इससे विज़ुअल्स ज़्यादा स्मूद दिखते हैं और देखने का अनुभव भी ज़्यादा शानदार होता है. दोनों डिवाइस 15वॉट चार्जिंग को सपोर्ट करते हैं. बॉक्स में 15 वॉट का चार्जर भी मिलता है. रेडमी ए7 सीरीज़ में 64 जीबी स्टोरेज के साथ एलपीडीडीआर4एक्स रैम दी गई है. इसके अलावा, इस सीरीज़ में 13 एमपी का रियर कैमरा और 8एमपी का फ्रंट कैमरा दिया गया है, जो फ़ोटो, वीडियो कॉल और रोज़मर्रा की ज़रूरतों के लिए भरोसेमंद रिजल्ट्स देता है. साइड-माउंटेड फ़िंगरप्रिंट सेंसर, आईपी52-रेटेड ड्यूरेबिलिटी और 3.5एमएम हेडफ़ोन जैक जैसे अतिरिक्त फीचर्स इन डिवाइस को और भी ज़्यादा काम का और सुविधाजनक बनाती हैं.

## बढ़ते कवर वाला टर्म प्लान चुनें और महंगाई से बचें

**इंदौर.** बंधन ग्रुप की जीवन बीमा कंपनी, बंधन लाइफ ने 30वें दशक के उत्तरार्ध और 40वें दशक के लोगों को सलाह दी है कि वे अपने जीवन बीमा कवर की समीक्षा करें और उसे और मजबूत बनाएं, ताकि परिवार की लंबे समय की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. कंपनी ने यह भी बताया कि महंगाई समय के साथ बीमा सुरक्षा की वास्तविक कीमत को कम कर देती है, इसलिए अपने कवर की समय-समय पर समीक्षा करना जरूरी है. बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा 30वें दशक के उत्तरार्ध और 40वें दशक में लोग आमतौर पर अपनी कमाई के सबसे अच्छे दौर में होते हैं, लेकिन इसी समय बच्चों की पढ़ाई और कर्ज चुकाने जैसी बड़ी जिम्मेदारियां भी होती हैं. ऐसे में इस समय बीमा कवर बढ़ाना जरूरी है, ताकि बढ़ती महंगाई और अनिश्चितताओं के बीच परिवार सुरक्षित रह सके.

## एमेजॉन इंडिया 2800 करोड़ रुपए का निवेश करेगा

**इंदौर.** एमेज़ॉन द्वारा भारत में अपने एसोसिएट की सुरक्षा, स्वास्थ्य और फाईनेंशियल सेहत को मजबूत बनाने के लिए 2800 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा. साथ ही, कंपनी अपने नेटवर्क को भी मजबूत बनाएगी, जो भारत में सबसे सुरक्षित, सबसे तेज और सबसे विश्वसनीय ऑपरेशंस नेटवर्कों में से एक है. एमेज़ॉन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के वीपी - ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा साल 2013 में एमेज़ॉन.इन के लॉन्च के बाद हमारे ऑपरेशन भारत के सबसे सुरक्षित, सबसे तेज और सबसे विश्वसनीय ऑपरेशंस नेटवर्क में से एक बन गए. हमारे नेटवर्क को हमारे लोग चलाते हैं. इसलिए हम अपने एसोसिएट्स की सुरक्षा, स्वास्थ्य और फाईनेंशियल कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हम इस साल भारत में 2800 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रहे हैं. इस निवेश की मदद से हमारे ऑपरेशन और अधिक मजबूत होंगे तथा हमारे नेटवर्क का विस्तार होगा.

## पवित्र धाम नर्मदा परिक्रमावासियों की कर रहा सेवा

**इंदौर.** नर्मदा परिक्रमा वासियों की नर्मदा तट पर स्थित पवित्र-धाम द्वारा सेवा की जा रही है. मां नर्मदा तट स्थित विश्राम स्थल पर विश्राम और भोजन प्रसादी व स्वल्पाहार, चाय के साथ भीषण गर्मी में छाछ, गोवर्धननाथजी का हरा मल्हम एवं प्राण-सुधा देकर सेवा की जा रही है. लगभग 50-60 परिक्रमा वासियों की नियमित सेवा नि: स्वार्थ भाव से की जा रही है. परिक्रमा कर रहे ध्यान योगी सुदर्शन महाराज व सभी के सहयोग से मिलकर उक्त कार्य हो रहा है. इसके अलावा पहनने की सफेद धोती भी भेंट कर रहे हैं. आम ग्रामीणों के लिए शीतल पेय जल प्याऊ की व्यवस्था की गई है.

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ब्याज दरें बढ़ाई

**इंदौर.** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने सेविंग्स अकाउंट, फिक्स्ड डिपॉज़िट और रिकरिंग डिपॉज़िट पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की. अब सीनियर सिटिज़न्स को टर्म डिपॉज़िट पर अधिकतम 7.75% प्रति वर्ष तक ब्याज मिलेगा.

# डिजिटल जनगणना के लिए दिया प्रशिक्षण

**मास्टर ट्रेनरों को किया प्रशिक्षित, डिवाइस एवं एप के उपयोग की दी जानकारी**



**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर परिषद में जनगणना 2027 अंतर्गत नगरीय चार्ज प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार सम्पन्न हुआ। कलेक्टर श्रीमती जयतिसिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण में फिल्ड ट्रेनर भगवान चौधरी एवं अश्विनी मिश्रा द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जगणना संबंधी विभिन्न पहलुओं का विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। 3 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ चार्ज अधिकारी संतराम चौहान द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिल्ड ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान घर-घर जाकर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, डिजीटल डाटा संग्रहण विधि, मोबाईल डिवाईस का उपयोग, एचएलओ एप का संचालन एवं उपयोग विधि को विस्तृत रूप से समझाया। इस दौरान 2011 की जनगणना में कार्य कर चुके अनुभवी प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों द्वारा अपने अनुभव सांझा किए। इस बार की डिजीटल जनगणना अधिक प्रभावी एवं संचालन में आसान बताया गया। चार्ज अधिकारी संतराम चौहान द्वारा सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को बताया किए जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व होकर हमें निष्ठापूर्वक इसका निर्वहन करना है। इसकी सटीकता पर ही देश की भविष्य की योजनाएं निर्भर करती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नगरीय चार्ज के सभी प्रगणक, पर्यवेक्षक, जनगणना लिपिक अमित शाह, प्रदीप साटोटे, शैलेष सूर्यवंशी व अन्य उपस्थित रहे।

## 25 अप्रैल को खुले रहेंगे खरीदी केंद्र

**बड़वानी।** शासन के निर्देशानुसार 25 अप्रैल को जिले के उपार्जन केंद्र खुले रहेंगे, जिनमें खरीदी एवं स्लॉट बुकिंग का कार्य किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने इस संबंध में समस्त उपार्जन केंद्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे किसान जिनकी स्लॉट बुकिंग की वैधता तिथि 25 अप्रैल है, उन्हें सूचित किया जाए। साथ ही जिन किसानों के स्लॉट बुकिंग होना शेष है उनके स्लॉट बुकिंग कराई जाए।

## पशुपालन जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बड़वानी।** वृन्दावन ग्राम बोरलाय में क्षीरधारा ग्राम योजनानुसार महिला स्व सहायता समूह व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और पशुपालन विभाग के समन्वय से पशुपालन जागरुकता एवं बांझपन निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित डॉ राजेश पाटीदार ने क्षीरधारा ग्राम योजना के बारे में बताया कि इस योजनानुसार ग्राम बोरलाय में प्रत्येक मादा पशु का टीकाकरण कर्मीनाशक औषधी कृत्रिम गर्भाधान और बांझपन उपचार नि:शुल्क किया जाएगा। साथ ही भीमराव अम्बेडकर कामधेनु और आचार्य विद्यासागर जैसी दुग्ध उत्पादन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त कर उन्नत नस्ल की दुधारू गाय व भैंस से अधिक दुग्ध उत्पादन करे। योजना के नोडल अधिकारी डॉ एस के गुप्ता ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। पशुपालन विभाग के मनोज कनासिया द्वारा संचालन किया गया।

# नगर परिषद स्तरीय प्रशिक्षण का किया आयोजन

**उत्तरदाताओं से पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों पर विस्तार से की गई चर्चा।**

**निवाली, ( नवभारत )।** नगर परिषद स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। 22 अप्रैल 2027 से 24 अप्रैल 2027 तक जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

### आवश्यक जानकारी विस्तार समझाया

चार्ज अधिकारी जनगणना रूपसिंह सोलंकी ने बताया कि प्रतिदिन 9.30 से शाम 5.30 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में जनगणना 2027 से जुड़ी सभी अवधारणाओं परिभाषाओं व आवश्यक जानकारी को विस्तार से समझाया गया।

### मास्टर ट्रेन प्रशिक्षण दिया

प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेन महेंद्र गोयल व रविंद्र कुमार जमरे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उत्तरदातों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### जनगणना कार्य को सफल बनाने का आव्हान

उक्त कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाना है। साथ ही 16 अप्रैल 2026 से गणना प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इसमें व्यक्ति अपनी स्वयं की जानकारी पोर्टल के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। चार्ज अधिकारी जनगणना सोलंकी ने बताया कि सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देकर जनगणना कार्य को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

# चोरी के अपराधियों को ग्रामीणों ने पुलिस को नहीं सौंपा

**वर्दी पर भारी पैसा एक्ट : समाज की पंचायत में मामला निपटाने के नाम पर पांच किलो चांदी और दो लाख रूपये नगद की चोरी का मामला**







**पारा.** पैसा एक्ट को लेकर ग्रामीण जन कितने जागरूक हुवे है इसका प्रभाव पुलिस पर देखने को मिला है। जहाँ अपराधी सामने होते हुवे पुलिस असहाय सी हाथ बांधे खड़ी रही और समझाईस देने के अलवा कुछ नहीं कर पाई । ऐसा ही एक मामला समीपस्तथ ग्राम पंचायत आम्बा के सालरपाडा के गातला फलिए देखने को मिला । जहाँ चोरी के अपराधियों को ग्रामीणों ने बीती रात रंगे हाथो पकड़ा और सूचना मिलने पर मोके पर पहुंची पुलिस को चोरी करने गए रंगे हाथो पकड़े अपराधियों को पुलिस को सोपने से इनकार कर दिया जिस पैसा एक्ट के नाम पर ग्रामीणों ने चोरो को अपने पास रख कर पुलिस को सोपने से मना कर दिया । ऐसे में यह प्रश्न उठता है की किसी अपराधी के साथ कोई अप्रत्याशीत घटना घटित होती है तो उसका जवाबदार कौन होगा ।

**यह है मामला** -बीती रात ग्राम पंचायत आम्बा सालरपाडा के गातला फलिए में गेंदा सिंगाड़ के घर रात तीन बजे के लगभग चोरो ने सेंध लगा कर पांच किलो चांदी और दो लाख रूपये नगद चोरी कर ले गए । किन्तु कुछ आवाज सुनकर गेंदा सिंगाड़ व उसकी पत्नी की नीद खुल गई । घर बाहर निकल कर हो हल्ला मचाया तो आसपास के रहवासियो तत्काल घेरा बंदी कर दो लोगों को पकड़ लिया । बताया जाता है कि करीब पांच लोग थे जो समीपस्थ ग्राम घावलिया के थे । ग्रामीणों की घेरा बंदी से बचने के लिए चोरों फायर भी किया किन्तु किसी को भी कोई चोट नहीं आयी । पकड़े गए चोरों ने आपने व साथियों के नाम व गांव का नाम घावलिया बताया द्य पुलिस अन्य फरार चोरो को ढूंढ़ने ग्राम घावलिया भी छापामारी करने गई लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा ।


सूचना मिलते ही पारा पुलिस चौकी प्रभारी पल्ल्वी भाभर दलबल सहित मोके पर पहुंची वही जिले के पुलिस के अला अधिकारी भी मोके पर पहुँचे किन्तु ग्रामीणों ने पकड़े गए दो चोर को पुलिस के हवाले करने से मना कर दिया । उनका कहना था पहले हमारी पांच किलो चांदी और दो लाख रुपया वापस करवाए उसके बाद आप इनको लेजाओ । अभी आपको सोप देंगे तो ये कल छूट कर फरार हो जायेगे और हमारी रकम नहीं मिल पायेगी । गेंदा सिगाड़ ने यह भी बताया की उसके यहां पर शादी थी जिसके लिए उसने यह रकम और रूपये आपने घर की लाकर में रखे थे जिसे तोड़ कर चोर पांच किलो चांदी और दो लाख रूपये नगद ले गए ।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च की अगली पीढ़ी के ट्रकों की रेंज

**इंदौर.** टाटा मोटर्स ने इंदौर में बिल्कुल नई अज़ुरा रेंज के साथ-साथ अगली पीढ़ी के ट्रकों की एक नई रेंज लॉन्च करने की घोषणा की. इन नए वाहनों की पेशकश टाटा मोटर्स के उस विजन को मजबूत करती है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की आमदनी बढ़ाना, स्वामित्व लागत को कम करना, वाहनों का अपटाइम बढ़ाना और बेहतर परिचालन दक्षता प्रदान करना है. लॉन्च समारोह के दौरान, टाटा मोटर्स लिमिटेड के ट्रक बिजनेस हेड और वाइस प्रेसिडेंट राजेश कौल ने टाटा मोटर्स की वरिष्ठ टीम के साथ मिलकर राजिंदर त्रेहन, राजदीप परिहार, और एसआरडब्ल्यू - हेमंत लड्डा जैसे प्रमुख ग्राहकों को गाड़ियों की चाबियाँ सौंपीं. वाइस प्रेसिडेंट राजेश कौल ने कहा इंदौर विशेष रूप से कृषि उत्पादों को मंडी तक पहुँचाने, ई-कॉमर्स, वाइट गुड्स के वितरण और समय पर पहुँचने वाले माल के लिए एक मुख्य केंद्र है. नई अज़ुरा रेंज तेजी से माल पहुँचाने, कम रखरखाव समय और कम परिचालन लागत सुनिश्चित करती है.

एक नजर में | मंगलवार को होगा लोक निर्माण विभाग का घेराव

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर आदिवासियों में आक्रोश



**आलीराजपुर।** जिले के ग्राम फड़तला क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर आदिवासी ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। ग्राम फड़तला मिडिल स्कूल से नेवा माता वाया थोड़ सिंधी मार्ग (लगभग 1.50 किमी) के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा लोक निर्माण विभाग को आवेदन प्रस्तुत किया गया, लेकिन आरोप है कि विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा आवेदन लेने में टालमटोल कर ग्रामीणों को भगा दिया। कार्यपालन यंत्री और एसडीओ लोक निर्माण विभाग द्वारा राजनीतिक दबाव में आवेदन तक नहीं लेने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क वर्षों से उपेक्षित है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं में गंभीर कठिनाइयाँ आ रही हैं। शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य में भी कथित रूप से अनियमितता करते हुए पूर्ण लंबाई के बजाय आंशिक निर्माण की बात सामने आई है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया है।

इसके बाद पीड़ित ग्रामीणों ने मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष एवं आदिवासी नेता महेश पटेल को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने आजादी के बाद से अब तक मूलभूत विकास से वंचित रहने की पीड़ा व्यक्त की ज्ञापन सौंपते समय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण नहीं होने से बच्चों की शिक्षा, मरीजों के उपचार और दैनिक जीवन पर गंभीर असर पड़ रहा है।

आदिवासी नेता महेश पटेल ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग पूरी तरह जायज है और इसे प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु सैकड़ों की संख्या में पीड़ित आदिवासी कलेक्टर कार्यालय में आवेदन करेंगे, तत्पश्चात लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे।गौरतलब है कि आजादी के दशकों बाद भी क्षेत्र के कई आदिवासी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क जैसी आवश्यक सुविधा का अभाव शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।